जबसे श्याम ने थामा मेरा हाथ | By Arun Chauhan (Raahi)

जबसे श्याम ने थामा हाथ
मेरी बन गई साड़ी बात
मेरे जीवन में आयी बहार
सांवरिया तेरा बड़ा उपकार

श्याम ने नज़र जो डाली
सुहानी हुई ज़िंदगानी
अब क्यूँ दर दर भटकूं
श्याम तेरी मेहरबानी
तूने दी ऐसा सौगात
मेरे सांवरिया सरकार
मेरे जीवन में आयी बहार
सांवरिया तेरा बड़ा उपकार

श्याम अब धुन जो लागि
हुआ मैं श्याम वैरागी
सांवरे की चाहत में
हो छोड़ी दुनिया सारी
तेरी सुरतिया मतवारी
मेरे सांवरिया बिहारी
मेरे जीवन में आयी बहार
सांवरिया तेरा बड़ा उपकार

रहे जो श्याम शरण में
करे वो मौज जीवन में
सांवरे गले लगाते
हार के जो भी आते
तेरे रही का विश्वास
हर दम मेरे साथ
मेरे जीवन में आयी बहार
सांवरिया तेरा बड़ा उपकार

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a5%e0%a4%be%e0%a4%ae%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a5-by-arun-chauhan-raahi/